## अभिभावकों द्वाराआई.ई.पी दल को बैठक से पूर्व भेजा जाने वाला पत्र

दिनांक

प्रिय________________:

मैं, हमारे आगामी **आई.ई.पी** बैठक के संबंध में लिख रहा/ही हूँ। मुझे आशा है कि हमारे आई.ई.पी बैठक में निम्न जानकारी निम्नलिखित क्रम में, संबोधित की जाएगी । यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम प्रत्येक विषय की चर्चा पूरी करने में सक्षम रहें, अनुमानित आवंटित समय राशि को भीमैंने इंगित किया है।

| <u>आवंटित समय</u> | <u>विषय</u> |
|---|---|
| १५-२० मिनट | मेरे बच्चे की "शैक्षणिक और कार्यात्मक प्रदर्शन के वर्तमान स्तर" (मेरा बच्चा अपनी उम्र के अक्षम प्रीस्कूली छात्रों की तुलना में कैसा चल रहा है, सबसे हाल ही में किए गए मूल्यांकन और परीक्षण के परिणाम) जिसमें अक्षमता कामेरे बच्चे के सामान्य पाठ्यक्रम में भागीदारी को प्रभावित करना, एवं मेरे बच्चे के सामर्थ्य एवं आवश्यकताएं शामिल है। |
| १० मिनट | मेरे बच्चे की शिक्षा को लेकर मेरी चिंताएं एवं आशाएं । |
| १०-३०मिनट | विशेष कारकों के प्रासंगिक विचार जैसे: (लागू होने वाले सभी पर मैनें सही का निशान लगाया है):<br>__कार्यात्मक व्यवहार का मूल्यांकन और सकारात्मक व्यवहारिक हस्तक्षेप क्योंकि मेरे बच्चे का व्यवहार उसके या दूसरों की शिक्षा में बाधा हो सकती है।<br>__मेरे बच्चे की अंग्रेज़ी में प्रवीणता सीमित है।<br>__मेरे बच्चे की संचार संबंधित आवश्यकताएं।<br>__क्योंकि मेरा बच्चा या तो बहरा है, या उसकी श्रवण शक्ति कम है, मेरे बच्चे की भाषा और संचार संबंधित आवश्यकताएं, साथियों और पेशेवरकर्मियों के साथ मेरे बच्चे की भाषा और संचार माध्यम में प्रत्यक्ष संवाद, शैक्षणिक स्तर और आवश्यकताओं की पूर्ण श्रृंखला जिसमें मेरे बच्चे की भाषा और संचार माध्यम में सीधे संवाद के लिए अवसर शामिल हैं ।<br>__क्योंकि मेरा बच्चा दृष्टिहीन है उसके लिए ब्रेल का उपयोग और निर्देश जब तक मेरे बच्चे के पढ़ने व लेखन कौशल, आवश्यकताओं, उपयुक्त पढ़ाई-लिखाई संबंधित माध्यम का मूल्यांकन करने के बाद यह निर्धारित किया जाए कि ब्रेल का उपयोग व निर्देश मेरे बच्चे के लिए उपयुक्त नहीं है<br>__सहायक प्रौद्योगिकी उपकरणों और सेवाओं के लिए मेरे बच्चे की आवश्यकताएं, जिसमें कैसे मेरा बच्चा और उसके साथ काम करने वाले पेशेवर सहायक प्रौद्योगिकी का प्रयोग सीखेंगे तथा क्या मेरे बच्चे को ग्रहकार्य करने के लिए घर पर सहायक प्रौद्योगिकी की आवश्यकता है या नहीं शामिल है। |
| ३० -४५ मिनट | मेरे बच्चे को सामान्य पाठ्यक्रम में सम्मिलित होकर उसमें प्रगति करने से संबंधित उसके लिए परिमेय वार्षिक लक्ष्य और मानदण्ड /अल्पकालिक उद्देश्य और उसकी अक्षमता से उत्पन्न होने वाली अन्य शैक्षिक आवश्यकताएं जो कि सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रम और राज्य के मुख्य पाठ्यक्रम सामग्री मानक (मेरे बच्चे के लक्ष्यों और उद्देश्यों को संबोधित करने वाला कम से कम एक सेट) |
| ३० -४५ मिनट | सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रगति करने में सक्षम करने के लिए, और शैक्षिक, गैर शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में अपने सक्षम साथियों के साथ भाग लेने के लिए जो समर्थन, सेवाएं, समायोजन और समन्वय प्रदान किया जाएगा चाहे मेरा बच्चा स्कूल ज़िला से बाहर रखा गया हो। इनमें अनुदेशात्मक और संबंधित सेवाओं का समावेश होना चाहिए (मेरे बच्चे के आई.ई.पी कार्यक्रम की प्रत्येक सेवा के कार्यान्वयन के लिए जो व्यक्ति सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं, उनके नाम शामिल होने चाहिए)<br>__कक्षा में सफल समावेश के लिए स्वयं या उसके शिक्षक को, या कक्षा में अन्य बच्चों को "अनुपूरक सहायता और सेवाओं" की आवश्यकता |

| | |
|---|---|
| | __ मेरे बच्चे के शिक्षक, सहयोगी/सह पेशेवर, संबंधित सेवा प्रदाता इत्यादि द्वारा किसी विशेष कौशल, ज्ञान, या व्यावसायिक विकास<br>__ भाषण चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, भौतिक चिकित्सा, परामर्श, मानसिक या मनोवैज्ञानिक सेवा, परिवहन, यात्रा प्रशिक्षण, अभिविन्यास या गतिशीलता प्रशिक्षण जैसी संबंधित सेवाओं की मेरे बच्चे को जरूरत है या नहीं ।<br>__ गर्मी की छुट्टियों में उसने जो सब कुछ सीखा है , उसे वह न भूले, इसकेलिए विस्तारित स्कूल वर्ष सेवाएं या पात्रता के अन्य कारक<br>__ संचार कौशल और कार्यनीतियाँ सीखने के लिए सेवाएं<br>__ सहायक प्रौद्योगिकी उपकरण और सेवाएं ;<br>__चुनौती पूर्ण व्यवहार को संबोधित करने के लिए कार्यात्मक व्यवहार आकलन एवं सकारात्मक व्यवहार समर्थन योजना;<br>__ स्कूल से पहले, दौरान और बाद में होने वाले, सक्षम छात्रों के लिए बने पाठ्यक्रम के अतिरिक्त होने वाले कार्यकलापों और गैर शैक्षणिक गतिविधियों में प्रवेश पाने के लिए सेवाएं (चाहे मेरा बच्चा अपने स्कूल ज़िला के बाहर भेजा जाता हो) |
| ३० मिनट | वयस्क जीवन नियोजन में अवस्थांतर<br>__ यदि मेरे बच्चे की उम्र १४ साल से अधिक है (या उपयुक्त हो तो १४ वर्ष से कम) तोपाठ्यक्रम के कौनसे विषयों का अध्ययन वयस्क जीवन के अवस्थांतर की तैयारी केलिए लाभदायक रहेगा ?<br>__यदि मेरे बच्चे की उम्र १६ साल से अधिक है (या उपयुक्त हो तो १६ वर्ष से कम) तो वयस्क जीवन अवस्थांतर सेवाओं में से कौनसी मेरे बच्चे को माध्यमिक शिक्षा , प्रशिक्षण, या रोजगार की तैयारी के लिए लाभदायक होगी ?.<br>__ १८ साल की उम्र में अपनी आई.ई.पी का निर्णय करने के लिए सेवाएं , और यदि उपयुक्त न हो तो, १८ वर्ष की उम्र होने से पहले संरक्षकता सुरक्षित करने के लिए मेरी एक योजना। |
| १५ मिनट | व्यवस्था - "कम से कम प्रतिबंधक" वातावरण जिसमें मेरे बच्चे की आई.ई.पी को लागू किया जा सकता है और जो सक्षम प्रीस्कूली छात्रों के साथ और संगत का अधिकतम उपयुक्त अवसर देता हैवह स्थान जहाँ नियमित रूप से सेवाएं प्रदान की जाएंगी , जो कि मेरे बच्चे के स्कूल के नज़दीकी स्कूल (वह स्कूल जहाँ मेरा बच्चा पढ़ता/ती यदि वह सक्षम होता/ती की कक्षा हो सकती है ; जब तक हम यह निर्धारित न कर लें कि मेरे बच्चे के लक्ष्य इस वातावरण में अनुपूरक सहायता और सेवाओं के वाद भी पूरे नहीं किए जा सकते; यदि हम यह निर्णयलें कि मेरा बच्चा स्कूल ज़िला से बाहर रखा जाएगा , तो उसे अपने स्कूल ज़िला (जो उसे भेजेगा) में पाठ्येतर गतिविधियों में कैसे प्रवेश दिलाया जाएगा ? |
| १५ मिनट | कैसे मेरा बच्चा राज्यव्यापी और ज़िला व्यापी परीक्षण परीक्षण में भाग ले सकता है ?, और मेरे बच्चे को किस प्रकार समायोजित किया जाएगा (विस्तारित समय , प्रश्नों को ज़ोर से पढ़ने वाले, मौखिक रूप से जवाब देने वाले, अधिक निजी, शांत वातावरण में परीक्षण, कंप्यूटर या कैलकुलेटर का प्रयोग इत्यादि) ; और यदि हम यह निर्णय लें कि मेरा बच्चा इन परीक्षाओं में भाग नहीं लेगा , तो यह कि क्यों ये परीक्षाएं मेरे बच्चे के लिए उपयुक्त नहीं हैं, और कैसे मेरे बच्चे का मूल्यांकन वैकल्पिक प्रवीणता आकलन के उपयोग से होगा। |
| १० मिनट | कैसे मुझे अपने बच्चे की प्रगति के बारे में बताया जाएगा , औरयह बताया जाएगा की उसकी प्रगति साल के अंत तक के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है अथवा नहीं। कितनी बार बताया जाएगा (कम से कम |

| | |
|---|---|
| | जब भी सामान्य शिक्षा प्रदान करने वाले बच्चों के माता पिता को अपने बच्चों के प्रदर्शन पर रिपोर्ट कार्ड प्राप्त होता है, कम से कम उतनी बार) |
| १० मिनट | कौन इसका ज़िम्मेदार होगा कि प्रदान की गई आई.ई.पी की सेवाएं वैसी ही हैं जैसी कि होनी चाहिए , और निगरानी रख के यह सुनिश्चित करने के लिए कि सेवाओं का मेरे बच्चे पर वांछित प्रभाव पड़ रहा है और कैसे मैं इस प्रक्रिया में शामिल हो सकता/ती हूँ (उदाहरण स्वरूप मेरे बच्चे की कक्षा में साल में कम से कम ४ बार जाकर , शिक्षक के साथ समय-समय पर बैठकें , एक संचार पुस्तक के माध्यम से) |

मैं आशा करता/ती हूँ कि आप पर्याप्त समय आवंटित करेंगे (लगभग __ घंटे) ताकि आई.ई.पी के इन सभी घटकों पर पर्याप्त रूप से चर्चा हो सके। मैं यह भी आशा करता/ती हूँ कि दल के सभी आवश्यक सदस्य (एक सामान्य शिक्षक , एक व्यक्ति जो विशेष शिक्षा के प्रावधान को प्रदान करने या निगरानी के लिए योग्य हो , और एक जिला प्रतिनिधि जो कि आवश्यक संसाधनों के लिए प्रतिबद्ध हो ताकि आई.ई.पी के सभी निर्णय किसी ज़िला उच्च अधिकारी को सूचित किए बिना इस बैठक में लिए जा सकते हों, जो कि बैठक में उपस्थित हों , और पूरे समय बैठक में रहने के लिए तैयार हों। [आवश्यक सदस्यों के अलावा मैं अनुरोध करता/ती हूँ कि निम्न कर्मचारी भी बैठक में शामिल हों क्योंकि वे महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं(सूची में अतिरिक्त आमंत्रितों के नाम लिखें)] मैं यह आपको सूचित करना चाहता हूँ कि इस समय मैं बैठक करने के लिए अतिरिक्त लोगों को ला रहा/ही हूँ (अपने अतिरिक्त आमंत्रितों की सूची लिखें). [यदि आप टेपरिकॉर्डर लाने की योजना रखतें हैं तो लिखें] कृपया ध्यान दें कि मैं बैठक में टेपरिकॉर्डर लानाचाहता/तीहूँ ताकि मुझे यह अवसर प्राप्त हो कि अपनी आई.ई.पी चर्चा की समीक्षा पुन: कर सकूं; मैं यह रिकॉर्डिंग अपने पति/पत्नी या अन्य महत्वपूर्ण साथी के साथ साझा कर सकूं।

यदि आपने पर्याप्त समय निर्धारित नहीं किया है , तो कृपया मुझे तुरंत सूचित करें ताकि अपनी आई.ई.पी की चर्चा पूरी करने के लिए हम शीघ्रातिशीघ्र एक अनुवर्ती बैठक निर्धारित कर सकें। इसके अलावा , आई.ई.पी की बैठक में यदि कोई प्रतिनिधि जो कि ज़िला संसाधनों को प्रतिबद्धित रूप से अधिकृत कर सके , उपस्थित नहीं होगा तो भी मुझे सूचित करें। उपरोक्त मुद्दों में से प्रत्येक की पूरी तरह से चर्चा के लिए और अपने बच्चे के लिए गुणवत्ताशील आई.ई.पी के विकास के लिए मैं उत्सुक हूँ ।धन्यवाद।